खबर कोना

गोलीबारी में मारे गए युवक और उसकी भतीजी को दफनाया गया

मुजफ्फरनगर, 11 मई (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एक औद्योगिक क्षेत्र के पास पाकिस्तान की गोलीबारी में मारे गए एक युवक और उसकी भतीजी के शवों को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के ककरौली थाना क्षेत्र स्थित उनके पैतृक गांव खाई खेड़ी में लाया गया और रविवार को बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में उन्हें दफना दिया गया। इस दौरान उमड़ी भीड़ ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस मौके पर एआइएमआइएम के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी, पूर्व विधायक मौलाना जमील, दो जिला पंचायत सदस्य समेत अन्य लोग शामिल थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 2.73 लाख वादों का निस्तारण

बरेली, 11 मई (जनसत्ता)।

राष्ट्रीय लोक अदालत में बरेली में कुल दो लाख 72 हजार 829 वादों का सुलाह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। विभिन्न अदालतों ने वादों के निस्तारण में कुल 20 करोड़ दस लाख पांच हजार 342 रुपए की धनराशि के आदेश पारित किए। दीवानी, फौजदारी और बैंकों के वादों के निस्तारण के अलावा पारिवारिक न्यायालयों ने 59 जोड़ों के बीच समझौता कराकर उनके विवाह टूटने से बचाएं हैं। अपर जनपद न्यायाधीश और नोडल अधिकारी निकुंज मित्तल ने बताया कि शनिवार को जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा

पाकिस्तानियों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल का पराक्रम क्या है

लखनऊ, 11 मई (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की झलक देखने को मिली थी और अगर यह काफी नहीं है तो पाकिस्तानियों से इसके बारे में पूछना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को कुचलने का समय आ गया है और इसके लिए पूरे देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट होना होगा।

'ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी' के उद्घाटन समारोह में योगी ने कहा, 'ब्रह्मोस मिसाइल क्या होती है? आप लोगों ने 'आपरेशन सिंदूर' के तहत इसके पराक्रम की एक झलक देखी है। अगर नहीं देखी होगी तो कम से कम पाकिस्तानियों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा नहीं। इसे कुचलने का समय आ गया है।

योगी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि किसी भी आतंकवादी घटना को अब युद्ध माना जाएगा। आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा नहीं। इसे कुचलने का समय आ गया है और इसके लिए पूरे भारत को एक स्वर में मोदी के नेतृत्व में एकजुट होना होगा।'

योगी ने बताया कि आतंकवाद एक 'कुत्ते की दुम' की तरह है जिसे कभी सीधा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, 'यह प्यार की भाषा मानने वाला नहीं है, उनको उसी भाषा में जवाब देने के लिए तैयार होना होगा और भारत ने 'आपरेशन सिंदूर' के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' की अवधारणा की सराहना करते हुए कहा कि सबसे पहले 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारत की सेनाओं, अपने सभी बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री का हृदय से अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से हृदय से बधाई देता हूं।

योगी ने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति इस बात के लिए आभार जताया कि उन्होंने रक्षा उत्पादों के लिए उत्तर प्रदेश को एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाया। योगी ने कहा, '2018 में जब उत्तर प्रदेश ने अपना पहला निवेश सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया था, तब केंद्रीय बजट में दो डिफेंस कारिडोर की घोषणा हुई। प्रधानमंत्री जी ने लखनऊ में ही एक कारिडोर की घोषणा की। उत्तर प्रदेश में छह नोड-लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी और चित्रकूट में तय किए गए।'

गोला नदी के किनारे बनेगा कछुआ संरक्षण केंद्र

बरेली, 11 मई (जनसत्ता)।

बरेली जिले की मीरगंज तहसील में गोला नदी के किनारे कछुआ संरक्षण केंद्र बनाया जाएगा। विश्व वन्य जीव कोष और वन विभाग के सर्वेक्षण में इस क्षेत्र में कई दुर्लभ प्रजातियों के कछुए पाए गए हैं। नदी के आसपास की 'वैटलैण्ड' कछुओं के लिए अनुकूल पाई गई है।

प्रदेश के वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरूण कुमार ने बताया कि सर्वेक्षण में यहां कछुओं की ट्राईनाक्स, जियोचलोन एलिगेंस और साफ्टशेल जैसी जैविक रूप से बेहद महत्वपूर्ण प्रजातियां मिली है। गोला नदी के पास लगभग 15 हैक्टेयर क्षेत्र में फैली 'वैटलैण्ड' कछुओं के फलने-फूलने के लिए काफी अनुकूल मानी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में एक हजार से अधिक कछुओं की मौजूदगी को देखते हुए इसे संरक्षित क्षेत्र घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसी के चलते यहां कछुआ संरक्षण केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है।

वन राज्य मंत्री ने बताया कि इस क्षेत्र के आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार दिलाने के मकसद से इस कछुआ केंद्र को पर्यावरणीय पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वन्य जंतुओं के प्रति आम लोगों में जागरुकता भी लगातार बढ़ रही है।

आपरेशन सिंदूर के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के आरोप में व्यक्ति पर मामला दर्ज

एटा, 11 मई (भाषा)।

कासगंज पुलिस ने 'आपरेशन सिंदूर' के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित रूप से आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उपनिरीक्षक करमवीर सिंह ने अपनी शिकायत में कहा, '10 मई को मैं गश्त पर था तभी फेसबुक पर विक्की खान (साहिल खान) के खाते से भड़काऊ वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'आपरेशन सिंदूर' पर अपमानजनक टिप्पणी की गई।' सिंह ने कहा,

कासगंज पुलिस उपनिरीक्षक ने बताया कि भाजपा के खिलाफ भी टिप्पणी की गई, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ।

'भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ भी टिप्पणी की गई, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ। राष्ट्रीय एकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने का प्रयास किया गया।'

शिकायत के आधार पर पुलिस ने कासगंज थाने में प्रासंगिक धाराओं में विक्की खान (साहिल खान) के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा

नेताओं को सैन्य बलों के साथ खड़े होना चाहिए

लखनऊ, 11 मई (भाषा)।

पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव और नियंत्रण रेखा पर मौजूदा हालात के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को राजनेताओं से रक्षा संबंधी पृष्ठभूमि का इस्तेमाल फोटो खिंचवाने के अवसर के रूप में करने से बचने की अपील की।

सपा प्रमुख ने रविवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा कि वर्तमान के अति संवेदनशील माहौल में प्रतिरक्षा-सुरक्षा और भी अधिक गंभीर विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिज्ञों से आग्रह है कि कृपया इसे फोटो बैकग्राउंड अथवा सेल्फी प्वाइंट न बनाएं। ये आत्म-प्रदर्शन के लिए अकेले खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाने की बजाय सैन्य बलों के साथ खड़े होने का समय है।

सपा प्रमुख ने कहा कि वर्तमान के अति संवेदनशील माहौल में प्रतिरक्षा-सुरक्षा और भी अधिक गंभीर विषय बन गया है। राजनीतिज्ञों से आग्रह है कि कृपया इसे फोटो बैकग्राउंड अथवा सेल्फी प्वाइंट न बनाएं।

यादव ने सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी टिप्पणी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधने के रूप में देखा जा रहा है।

प्रारूप ए

सार्वजनिक घोषणा

(भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2017 के विनियम 14 के अधीन)

कृष्णा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेडके हितधारकों के ध्यानार्थ

1.	कॉर्पोरेट व्यक्ति का नाम	कृष्णा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट व्यक्ति के निगमन की तिथि	22 फरवरी, 2000
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट व्यक्ति निगमित / पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित देयता पहचान कॉर्पोरेट लोगों की संख्या	U45201DL2000PTC103888
5.	कॉर्पोरेट व्यक्ति के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो तो) का पता	पंजीकृत कार्यालय : सी-55 / 2 वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र, उत्तरी दिल्ली, दिल्ली-110052
6.	कॉर्पोरेट व्यक्ति का परिसमापन प्रारंभ होने की तिथि	10 मई, 2025 (11 अप्रैल, 2025 को पारित पूर्व प्रस्ताव के स्थान पर)
7.	परिसमापक का नाम, पता, ई-मेल पता, दूरभाष संख्या तथा पंजीकरण संख्या	देवेश ए. पाठक पता: प्रथम तल, 51, उद्योगनगर सोसाइटी, आयुर्वेदिक कॉलेज के पास, पानीगेट के बाहर, वडोदरा-390019 ईमेल: maildeveshpathak@rediffmail.com टेलीफोन : 0265-2562175/58 पंजी. सं.:IBBI/IPA-002/IP-N00234/2017-2018/10685 एएफए वैध: 30.06.2026 तक
8.	दावे जमा करने की अन्तिम तिथि	09 जून, 2025

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि **कृष्णा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड** ने **10 मई, 2025** को स्वैच्छिक परिसमापन आरम्भ किया है।

कृष्णा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों को एतद्वारा मद 7 के सम्मुख उल्लिखित पते पर परिसमापक के पास **9 जून, 2025** को या इससे पूर्व अपने दावों के प्रमाण जमा करने के लिए कहा जाता है।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से ही अपने दावों के प्रमाण जमा करेंगे। अन्य सभी पक्षकार अपने दावों के प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा जमा कर सकते हैं।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

हस्ता /-

देवेश ए. पाठक

(पंजीकृत दिवाला प्रोफेशनल)

तिथि : 10 मई 2025

स्थान : वडोदरा

पंजीकरण सं.:IBBI/IPA-002/IP-N00234/2017-2018/10685

फॉर्म जी

भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण प्रपत्र विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में परिचालन कर रहा था मुख्य रूप से भुवनेश्वर, ओडिशा में निर्माण सेवाओं में

(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 36ए के उप-विनियमन (1) के अंतर्गत)

प्रासंगिक विवरणों

1	कॉर्पोरेट देनदार का नाम, पैन और सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित	भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड सीआईएनः U45200DL2010PTC205121
2	पंजीकृत कार्यालय का पता	पंजीकृत कार्यालय :डी-427, द्वितीय तल, रामफल चौक, पालम एक्सटेंशन, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075 पूर्व पंजीकृत कार्यालयः दुकान संख्या-119, प्रथम तल, सेक्टर-7 एलएससी-।।।, वर्धमान स्टार सिटी मॉल, द्वारका, नई दिल्ली - 110077
3	यूआरएल का वेबसाइट	http:// www.bexp.in/
4	उस स्थान का विवरण जहाँ अधिकांश अचल संपत्तियाँ स्थित हैं	रायगढ़, महाराष्ट्र
5	मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	लागू नहीं
6	पिछले वित्त वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	लागू नहीं
7	कर्मचारियों/कर्मचारियों की संख्या	शून्य
8	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), ऋणदाताओं की सूची सहित अन्य विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं:	पिछले वर्षों के वित्तीय विवरणों के लिए -https://drive.google.com/drive/folders/1JwrIhXutnKGcRKoMaB80ZrbgUsl3eu5G ?usp=drive link प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों के लिए -https://www.bexo.in/
9	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध हैं:	प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों के लिए -https://www.bexp.in/ (दस्तावेज का शीर्षकः रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण)
10	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	27/05/2025, मंगलवार
11	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	06/06/2025, शुक्रवार
12	अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने का अंतिम डेटा	11/06/2025, बुधवार
13	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	21/06/2025, शनिवार
14	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि	06/06/2025, शुक्रवार
15	समाधान योजनाओं को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	07/07/2025, सोमवार, संहिता की धारा 12(3) के अंतर्गत माननीय न्यायनिर्णयन प्राधिकरण द्वारा आवश्यक समय विस्तार दिए जाने के अधीन
16	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया ईमेल आईडी	bepl.cirp@gmail.com
17	कॉर्पोरेट देनदार की एमएसएमई के रूप में पंजीकरण स्थिति का विवरण	पंजीकृत नहीं

हस्ता/-

सीए मोनिका अग्रवाल

रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल

भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी के तहत) के लिए

आईबीबीआई पंजीकरण संख्याः आईबीबीवीआईपीए-001/आईपी-पी01137/2018-19/11866

एएफए वैधः 31.12.2025 तक

आईबीबीआई पंजीकृत पताः 205, चोपड़ा कॉम्प्लेक्स, 8, प्रीत विहार, सामुदायिक केंद्र, नई दिल्ली bepl.cirp@gmail.com (प्रक्रिया विशिष्ट) cacsmonika.agarwal@gmail.com (आईबीबीआई के साथ पंजीकृत)

दिनांकः 12.05..2025

स्थानः नई दिल्ली

BrahMos

BrahMos Aerospace Private Limited

TENDER NOTICE

BrahMos Aerospace, a Joint Venture (JV) of Ministry of Defence invites Expression of Interest from Reputed Integrated Facility Management Services Provider for its Head Quarters Complex located at New Delhi.

Interested Parties are requested to visit our website: **www.brahmos.com** for further details.

Or they can write to us at: **contracts@brahmos.com**

HoD Commercial
On Behalf of CEO & MD
BrahMos Aerospace

HDFC BANK

We understand your world

पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (वेस्ट), मुंबई - 400 013

और इसका एक कार्यालय रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन के रूप में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, आई-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (ईस्ट) मुंबई - 400042.में है।

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के बदले ऋण/ओवरड्राफ्ट की प्रकृति में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।

सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया स्थिति में हैं।बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई सूचना जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने आदेश लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर , बैंक इस संबंध में कोई और सूचना जारी किए बिना गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र है।उधारकर्ताओं द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है और उचित पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने एक गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं से बकाया राशि की वसूली के लिए बैंक ने 20 मई 2025 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने / निपटान करने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, इस संबंध में बिना किसी अतिरिक्त सूचना केबैंक अपने विवेक से गिरवी रखी गई सुरक्षा को (1) कैलेंडर दिवस, एक के भीतर बेच देगा ।गिरवी प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	उधारकर्ता का नाम	02 अप्रैल 2025 तक बकाया राशि	बिक्री सूचना की तिथि
1	XXXX0845	सिदार्थ आनंद	5,20,517.51	09-05-2025

दिनांकः 12.05.2025

स्थानः दिल्ली

हस्ता/-

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

संस्कृति मंत्रालय

भारत सरकार

समसामयिक अध्ययन केन्द्र

प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय

द्वारा आयोजित

वार्ता

कॉनटेक्सटूआलिसींग इंडिया'ज इंडो-पैसिफिक पुशः स्ट्रेटीजिक एन्गैजमेंट्स फ्रॉम ईस्ट एशिया टू द इंडियन ओश्यन

में

आप सादर आमंत्रित हैं।

वक्ता : डॉ. अम्लान दत्ता

जूनियर फेलो, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय

दिनांकः 13 मई 2025, समय : अपराह 3:00 बजे

स्थलः संगोष्ठी कक्ष, पुस्कालय भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली-110011

सभी का स्वागत है।

अपना नाम जोड़ने के लिए कृपया हमें ईमेल करें:

ccs2nmml@gmail.com

CBC 09142/12/0006/2526

smc

moneywise. be wise.

SMC GLOBAL SECURITIES LIMITED

(CIN : L74899DL1994PLC063609)

Regd. Office: 11/6-B, Shanti Chamber, Pusa Road, New Delhi-110005

Phone No : 011-30111000 | E-mail : smc@smcindiaonline.com | website : www.smcindiaonline.com

Extract of consolidated financial results for the quarter and year ended March 31, 2025

(₹ in Lakhs except otherwise stated)

SR. No.	Particulars	CONSOLIDATED				
		Quarter Ended			Year Ended	
		March 31, 2025 (Audited)#	December 31, 2024 (Unaudited)	March 31, 2024 (Audited)#	March 31, 2025 (Audited)	March 31, 2024 (Audited)
1	Total Revenue from operations	42,146.57	45,546.61	50,941.94	1,77,574.15	1,63,840.87
2	Net Profit for the period (before Tax and Exceptional Items)	613.73	5,580.30	8,534.58	19,203.33	24,449.38
3	Net Profit for the period before Tax (after Exceptional Items)	613.73	5,580.30	8,534.58	19,203.33	24,449.38
4	Net Profit for the period after Tax (after Exceptional Items)	408.77	4,386.96	6,623.79	14,681.16	18,827.65
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	293.34	4,566.87	6,591.18	14,768.30	18,909.73
6	Paid Up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 2 each)	2,094.00	2,094.00	2,094.00	2,094.00	2,094.00
7	Other equity				1,19,623.13	1,07,478.71
8	Earnings per share (EPS) (in ₹) (not annualised except for the year ended March 31) Basic & Diluted EPS	0.36	4.17	6.30	13.92	17.89

Refer Note no.5

Notes:

1 These consolidated financial results for the quarter and year ended March 31, 2025 of SMC Global Securities Limited ('Parent Company') and its subsidiaries (together referred as 'Group') and Joint Venture have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meeting held on Sunday, the 11th May, 2025. The results for the year ended March 31, 2025 have been audited by the Statutory Auditors, P.C. Bindal & Company, Chartered Accountants.

2 The above is the extract of the detailed format of quarterly and year ended financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarter ended financial results are available on the Investor Corner Section of our website www.smcindiaonline.com.

3 These consolidated financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ('Ind AS') prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015, as amended from time to time.

4 The Board has proposed and recommended final dividend for FY 2024-25 @60% i.e. ₹ 1.20 per equity shares of the face value of ₹2/- each amounting to ₹ 1,256.40 lakhs to its equity shareholders (subject to approval of the shareholders in the ensuing Annual General Meeting) in addition to interim dividend @60% paid during the FY 2024-25, this makes the total dividend @120% i.e. ₹ 2.40 per equity share.

5 The figures for the quarter ended March 31, 2025, and March 31, 2024 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures up to the end of third quarter of the respective financial year, which were subjected to limited review.

6 Additional information on standalone financial results is as follows

(₹ IN LAKHS)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended	
	March 31, 2025 (Audited)#	December 31, 2024 (Unaudited)	March 31, 2024 (Audited)#	March 31, 2025 (Audited)	March 31, 2024 (Audited)
Total revenue from operations	19,902.93	22,282.22	25,015.80	92,429.19	85,315.07
Profit before tax for the period	749.08	2,022.02	5,310.26	13,117.09	17,994.20
Profit after tax for the period	861.20	1,551.89	3,932.54	10,526.14	14,102.56

For and on behalf of the Board

Place : New Delhi

Date : May 11, 2025

sd/-
S. C. AGGARWAL
(Chairman & Managing Director)
(DIN : 00003267)

sd/-
MAHESH C. GUPTA
(Vice Chairman & Managing Director)
(DIN : 00003082)

sd/-
VINOD KUMAR JAMAR
(President & Group CFO)

खबर कोना



सिखों के तीसरे गुरु श्री अमरदास जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर रविवार को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को रोशनी से सजाया गया।

हरियाणा में शुरू होगी विभागीय पर्यटक स्थलों की आनलाइन बुकिंग

चंडीगढ़, 11 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा में आम जनता की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग बैंक्वेट हाल, समारोह केंद्र व लान की आनलाइन बुकिंग सुविधा शुरू करने जा रहा है। हरियाणा के विरासत व पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने रविवार को विभाग के संबंध में रपट पेश करते हुए बताया कि वेबसाइट और निजी क्षेत्र के आनलाइन बुकिंग प्लेटफार्म के साथ जुड़कर प्रदेश के 42 पर्यटन स्थलों की वास्तविक समय बुकिंग प्रणाली से बीते वर्ष से 33.9 फीसद राजस्व वृद्धि हुई है। शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन केंद्रों की व्यवस्था में पारदर्शिता लाने व पर्यटकों को बुकिंग प्रणाली के माध्यम से अधिक अवसर देने के मकसद से डिजिटलीकरन व्यवस्था तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला से ठीक पहले जनवरी 2025 में हरियाणा पर्यटन निगम की वेबसाइट को शुरू किया गया था। इसके माध्यम से पर्यटकों को बुकिंग सुविधा व निगरानी की सुविधा मिलना सुनिश्चित हुई।

नारनौल में दुकान पर छापा, नशीली दवाइयां बरामद की

नारनौल, 11 मई (जनसत्ता)।

जिला की खाद्य एवं औषधि टीम ने कनीना में एक दवा की दुकान पर छापा मारकर एमटीपी कीट तथा नशीली दवाइयां बरामद की हैं। इस पर टीम ने दुकान को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से दवाखाना संचालकों में हड़कंप मच गया। विभागीय अधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि कनीना में बस अड्डे पर स्थित हरियाणा मेडिकल स्टोर नामक दुकान पर गलत दवाइयां बेचने की शिकायत मिल रही थी। इन दवाइयों में नशीली दवाइयां तथा एमटीपी किट भी शामिल है, जो कि हरियाणा में प्रतिबंधित है। शिकायतों के आधार पर उन्होंने छापा मारा। इस दौरान वहां पर दुकान संचालक मिला। जब दुकान की जांच की तो उन्हें वहां से एमटीपी किट के अलावा सात अलग-अलग प्रकार की नशीली दवाइयां भी मिलीं। उन्होंने बताया कि एमटीपी किट गर्भ निरोधक दवाई है, जो प्रदेश में प्रतिबंधित है। वहीं, दवाइयों के भंडारण के बारे में जब उससे जानकारी मांगी तो संचालक ने जानकारी देने में असमर्थता जताई। खरीद व बेचने के बारे में संचालक कुछ भी नहीं बता पाया। इस पर दवाइयों को जब्त कर लिया गया।

युवक ने आग लगाकर की आत्महत्या

नारनौल, 11 मई (जनसत्ता)।

गांव दोचाना मे एक युवक ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया। इस बारे में पुलिस ने इत्तफाकिया हादसे की कार्रवाई की है। सदर थाना के गांव दोचाना का राजेंद्र मिस्त्री का काम करता था। परिजनों के अनुसार वह शराब का सेवन करता था। शराब पीने के बाद उसने परिजनों से लड़ाई की और मोटरसाइकिल पर बैठकर गांव की बणी में चला गया। वहां उसने अपने ऊपर तेल डालकर आग लगा ली जिसके कारण वह बुरी तरह जल गया। बाद में उसने दम तोड़ दिया।

पंजाब-हरियाणा जल विवाद पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा

हर पंजाबी बीबीएमबी के अवैध हस्तक्षेप का डटकर विरोध करेगा

चंडीगढ़, 11 मई (ब्यूरो)।

पानी को लेकर पंजाब और हरियाणा में विवाद भी चरम पर है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को एक बार फिर से नंगल स्थित भाखड़ा बांध पर पहुंचे। उन्होंने हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के अधिकारी रोजाना पंजाब के पानी चुराने की कोशिश कर रहे हैं। उनको अपने इरादे में बिल्कुल सफल नहीं होने दिया जाएगा। हर पंजाबी बीबीएमबी के गैरकानूनी हस्तक्षेप का डटकर विरोध करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक तरफ पंजाब अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर दुश्मन का बहादुरी से मुकाबला कर रहा है और दूसरी तरफ केंद्र की भाजपा सरकार राज्य को उसके पानी से वंचित करने का गंदा खेल खेल रही है। इस गंभीर संकट की घड़ी में ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। मान ने कहा कि भाजपा राज्य सरकार के धैर्य की परीक्षा ले रही है और हमें अपने कीमती पानी को बचाने के लिए सख्त कदम उठाने के लिए मजबूर कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बीबीएमबी अधिकारियों के माध्यम से राज्य के पानी को लूटने की कोशिश कर रही है, जो पूरी तरह से असहनीय है। पंजाब इसके खिलाफ जोरदार लड़ाई लड़ेगा। मुख्यमंत्री ने भाजपा और बीबीएमबी को चेतावनी दी कि उनके द्वारा किया गया कोई भी प्रयास राज्य में बड़ी कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि वे दोनों इस बड़े नुकसान के लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा राज्य से पानी छोड़ने का कोई आदेश नहीं है, लेकिन भाजपा अवैध रूप से पंजाब से पानी छीनने का प्रयास कर रही है।

किसान संगठनों पर बोले, उन्हें अब धूप बर्दाश्त नहीं होती, इसीलिए चुप हैं

मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर किसान संघों की चुप्पी पर भी आरोप लगाया कि वे केवल अपने मुद्दों पर सड़क और रेल नाकेबंदी कर सकते हैं, लेकिन राज्य से संबंधित इस प्रमुख मुद्दे पर चुप हैं। किसान यहां नहीं हैं क्योंकि यहां एसी सुसज्जित ट्रालियां नहीं हैं और उन्हें धूप में विरोध करना पड़ता है, जिसे वे अब बर्दाश्त नहीं कर सकते। राज्य सरकार को इन किसान संघों की मदद की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह पंजाब और उसके लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए आत्मनिर्भर है।

मान ने कहा कि राजस्थान सरकार ने पंजाब के कोटे से अधिक पानी मांगा था, क्योंकि राजस्थान सीमा पर तैनात सेना को अतिरिक्त पानी की आवश्यकता थी। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सुरक्षित रखने के लिए पानी छोड़ा गया है। यदि बीबीएमबी का कोई अधिकारी अब यहां आकर पानी छोड़ने का प्रयास करता है तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उसकी होगी, क्योंकि पंजाब के लोग उनके खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे हरियाणा से आने वाले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का हाथ है, उनकी साजिशों को सफल नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा पंजाब को कम आंक रहे हैं, क्योंकि यदि पंजाबी राज्य की सीमाओं की रक्षा कर सकते हैं तो वे पानी की भी रक्षा करने में सक्षम हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार बार-बार राज्य का पानी हरियाणा को देने के लिए प्रयास कर रही है। वह पंजाबियों के साथ नंगल में बैठेंगे और सतर्कता के साथ भाजपा द्वारा राज्य से पानी छोड़ने के किसी भी प्रयास को विफल करेंगे। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य के पास किसी भी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। पानी की एक भी बूंद किसी को नहीं दी जाएगी। राज्य के अधिकांश नदी संसाधन सूख चुके हैं, इसलिए सिंचाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और अन्य भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बीबीएमबी की स्थापना मूल रूप से सतलुज और ब्यास नदियों के पानी का प्रबंधन करने के लिए की गई थी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

चंडीगढ़, 11 मई (जनसत्ता)।

भारत-पाकिस्तान के बीच भले ही युद्ध विराम का एलान हो गया हो, लेकिन हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां अभी रद्द ही रहेंगी। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने रविवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर बनी वर्तमान स्थिति और पाकिस्तान द्वारा बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाओं के मद्देनजर राज्य के स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सख्त आदेश जारी किए हैं।

आदेश में कहा गया है कि राज्य के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों की सभी प्रकार की छुट्टियां, चाहे वह अर्जित अवकाश (ईएल), बाल देखभाल अवकाश (सीसीएल), असाधारण अवकाश (ईओएल) या किसी भी अन्य प्रकार की छुट्टी हो, तुरंत प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। यह भी स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अपने जिले का मुख्यालय नहीं छोड़ेगा और न ही छुट्टी पर जाएगा।

आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जो अधिकारी/कर्मचारी वर्तमान में छुट्टी पर हैं, उन्हें तुरंत अपने संबंधित जिला मुख्यालय में रपट करना होगा और काम पर लौटना होगा। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सीमा पर उत्पन्न आपातकालीन स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क रहकर काम करें। किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हों, इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

सतर्क रहकर काम करेंगे विभाग के कर्मी, रक्त भंडारण, एंबुलेंस व दवाखाने हर समय रहेंगे खुले।
आदेशों में कहा, किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हों, इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

राज्य सरकार ने जिला स्तर पर सभी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। आपातकालीन दवाओं, रक्त भंडारण, एंबुलेंस सेवाओं और चिकित्सा कर्मचारियों की तैनाती की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त उपाय भी किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि मौजूदा हालातों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग विशेष तौर पर सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि इस दौरान कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अपने जिले का मुख्यालय नहीं छोड़ेगा और न ही छुट्टी पर जाएगा।

हिसार से अयोध्या के लिए 16 मई से दोबारा शुरू होंगी उड़ानें

चंडीगढ़, 11 मई (जनसत्ता)।

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के एक दिन से भी कम समय में, सरकारी स्वामित्व वाली क्षेत्रीय एअरलाइन एलायंस एअर ने हिसार हवाई अड्डे से अयोध्या जाने वाली उड़ानों के लिए बुकिंग फिर से शुरू कर दी है।

हरियाणा नागरिक उड्डयन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि हिसार से अयोध्या के लिए उड़ानें 16 मई, 2025 से फिर से शुरू होंगी। 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए पहली वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई और हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी। इस बीच, सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ जगहों पर भारतीय सशस्त्र बलों के हमलों के बाद, कई भारतीय हवाई अड्डों पर वाणिज्यिक उड़ान संचालन- विशेष रूप से भारत-पाकिस्तान सीमा के पास या प्रमुख भारतीय वायु सेना के ठिकानों के भीतर स्थित- हवाई अड्डे के बंद होने और हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण निलंबित कर दिए गए थे।

सात मई की सुबह पाकिस्तान के आतंकवादी ढांचे के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद लगभग 25 भारतीय हवाई अड्डे, मुख्य रूप से उत्तरी भारत में, नागरिक उड़ान परिचालन के लिए बंद कर दिए गए थे।

जायजा पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेक्टर-26 के परिवहन क्षेत्र और चालकों की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए। -कमलेश्वर सिंह

स्कूल छोड़ चुके बच्चों के दाखिले नहीं कर रहे अध्यापक

दस्तावेजों के अभाव का दे रहे हवाला, शिक्षा निदेशालय ने लगाई फटकार

चंडीगढ़, 11 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार द्वारा स्कूल छोड़ चुके (ड्राप आउट) विद्यार्थियों का दोबारा दाखिला करवाने की योजना में कई अध्यापक ही अड़ंगा बन गए हैं। प्रदेश के बहुत से विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा परिवार पहचान पत्र के अभाव में दाखिला नहीं किया जा रहा है।

शिक्षा विभाग ने इस चुनौती से निपटने के लिए निजी विद्यालयों की तर्ज दाखिला ग्राफ बढ़ाने की रणनीति तैयार की। दिसंबर, 2024 में ड्राप आउट सर्वेक्षण की रपट शिक्षकों के साथ साझा की गई, ताकि स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा पाठशाला की दहलीज तक लाया जाए। मगर शिक्षकों ने दाखिला बढ़ाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि उल्टा दस्तावेज पूरा न करने वाले छात्रों को दाखिला देने से इंकार कर दिया।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने आभासी माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी और मौलिक शिक्षा अधिकारियों के साथ प्रवेश उत्सव की समीक्षा की।
दिसबंर 2024 में 'ड्राप आउट' सर्वेक्षण की रपट शिक्षकों के साथ साझा की गई। मगर शिक्षकों ने दाखिला बढ़ाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

शिक्षकों की कार्यशैली पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आफलाइन दाखिला करने के निर्देश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने आभासी माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी और मौलिक शिक्षा अधिकारियों के साथ प्रवेश उत्सव की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कई खामियां सामने आई। इनमें शिक्षकों द्वारा दिए दाखिला लक्ष्य को पूरा न करना और झुग्गी-बस्ती और ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों को दस्तावेज के अभाव में दाखिला देने मना करना शामिल हैं।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जिला शिक्षा अधिकारी और मौलिक शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि जिन बच्चों के पास दस्तावेजों की अनुपलब्धता नहीं हैं, उन्हें दाखिले से वंचित नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अधीनस्थ विद्यालय प्रमुखों को हिदायत दी जाए कि प्रवेश उत्सव के दौरान दस्तावेजों की कमी के कारण किसी भी बच्चे को प्रवेश से वंचित न किया जाए या प्रवेश से वंचित न किया जाए। यदि दस्तावेजों के अभाव के कारण एमआइएस या आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है तो बच्चे को तुरंत दाखिला दें और स्कूल के दाखिला रजिस्टर में आफलाइन दाखिले के तौर पर विवरण दर्ज करें।

फिरोजपुर में ड्रोन और पिस्तौल बरामद

चंडीगढ़, 11 मई (ब्यूरो)।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित गनेशे वाले झुग्गे गांव के पास एक खेत से पिस्तौल और एक मैगजीन के साथ ड्रोन बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम व विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

फॉर्म जी
भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण प्रपत्र
विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में परिचालन कर रहा था मुख्य रूप से भुवनेश्वर, ओडिशा में निर्माण सेवाओं में
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 36ए के उप-विनियमन (1) के अंतर्गत)

प्रासंगिक विवरणों

1	[illegible]	[illegible] सीआईएन U45200DL2010PTC205121
2	[illegible]	[illegible]
3	[illegible]	http://www.bexp.in/
4	[illegible]	[illegible]
5	[illegible]	[illegible]
6	[illegible]	[illegible]
7	[illegible]	[illegible]
8	[illegible]	[illegible] https://drive.google.com/drive/folders/ [illegible]
9	[illegible]	[illegible] https://www.bexp.in/ [illegible]
10	[illegible]	27/05/2025, मंगलवार
11	[illegible]	06/06/2025, शुक्रवार
12	[illegible]	11/06/2025, बुधवार
13	[illegible]	21/06/2025, शनिवार
14	[illegible]	06/06/2025, शुक्रवार
15	[illegible]	[illegible]
16	[illegible]	bepl.cirp@gmail.com
17	[illegible]	[illegible]

हस्ता/-
सीए मोनिका अग्रवाल
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी के तहत) के लिए
आईबीबीआई पंजीकरण संख्या: आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी01137/2018-19/11866
एएफए वैध: 31.12.2025 तक
आईबीबीआई पंजीकृत पता: 205, चोपड़ा कॉम्प्लेक्स, 8, प्रीत विहार, सामुदायिक केंद्र, नई दिल्ली bepl.cirp@gmail.com (प्रक्रिया विशिष्ट)
cacsmonika.agarwal@gmail.com (आईबीबीआई के साथ पंजीकृत)
दिनांक: 12.05.2025
स्थान: नई दिल्ली

पंजाब के बाकी हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान खुलेंगे | **आदेश** | अमृतसर में आनलाइन कक्षाएं ले सकते हैं शिक्षक

पांच सीमावर्ती जिलों व संगरूर में आज स्कूल बंद

चंडीगढ़, 11 मई (ब्यूरो)।

पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के पांच जिलों और संगरूर में स्कूल सोमवार को बंद रहेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाब के बाकी हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान सोमवार से फिर खुलेंगे।

पाकिस्तान की सीमा से सटे पठानकोट, अमृतसर, फिरोजपुर, गुरदासपुर और तरनतारन जिलों में अधिकारियों ने विद्यालयों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। पंजाब, पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जो इन पांच जिलों और फाजिल्का तक फैली हुई है। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि अगर किसी विश्वविद्यालय ने पहले ही अपने परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन कर लिया है, तो वे परीक्षाएं संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी।

फिरोजपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और मोगा में अधिकारियों ने परामर्श जारी किया, लोग स्वेच्छा से बिजली बंद रखें।

सीमावर्ती जिलों के उपायुक्तों को स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर स्कूल खोलने या बंद करने के बारे में निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। बैंस ने शैक्षणिक संस्थानों को सरकार के सुरक्षा प्रोटोकाल और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का भी निर्देश दिया। इस बीच फिरोजपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और मोगा में अधिकारियों ने परामर्श जारी किया, जिसमें लोगों से रविवार शाम को स्वेच्छा से घर की लाइटें बंद करने और जब तक आवश्यक न हो, बाहर निकलने से बचने का आग्रह किया गया।

भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र पर सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के लिए हुए समझौते के बाद पंजाब, खासकर सीमावर्ती इलाकों में रविवार को शांति बनी रही। जिला प्रशासन द्वारा साझा किए गए एक संदेश के अनुसार, अमृतसर में स्कूली शिक्षक आनलाइन कक्षाएं ले सकते हैं। जिले के कालेज और विश्वविद्यालय भी बंद रहेंगे। पठानकोट और गुरदासपुर में कॉलेज और विश्वविद्यालय सोमवार को बंद रहेंगे। गुरदासपुर में जारी आदेश के अनुसार, विश्वविद्यालय और कालेज के शिक्षक आनलाइन कक्षाएं ले सकते हैं। संगरूर में अधिकारियों ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया है। इससे पहले बैंस ने कहा था कि पूरे पंजाब में सभी शैक्षणिक संस्थान, स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय सोमवार को फिर से खुलेंगे।

खबर कोना

रामलीला आयोजन की तारीखों का एलान, मुफ्त बिजली की उठी मांग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 मई।

दिल्ली की प्रमुख रामलीला कमेटी के प्रतिनिधियों की बैठक के दौरान रामलीला आयोजन की तिथियों का एलान किया गया है। लवकुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि रामलीला का आयोजन इस साल 22 सितंबर से लेकर 3 अक्तूबर 2025 तक होगा और दशहरा पर्व 2 अक्तूबर को मनाया जाएगा। जिस प्रकार अजमेरी गेट की रामलीला को निशुल्क बिजली प्रदान की जाती थी, उसी परंपरा को सभी लीला कमेटियों के लिए भी जारी रखा जाए। अब जब एमसीडी, दिल्ली सरकार व केंद्र सरकार में राम के आदर्शों को मानने वाली सरकारें है तो यह आवश्यक है कि दिल्ली की सभी रामलीला आयोजनों को मुफ्त बिजली व स्थान उपलब्ध करवाया जाए। बैठक में महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, विधायक अशोक देवरहा प्रमुख रूप से शामिल हुए। यह बैठक धीरज धर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई।

'संघर्ष विराम का स्वागत, स्थायी शांति जरूरी'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 मई।

जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्वागत करते हुए सरकार से स्थायी शांति प्रयास को जरूरी बताया है। जमाअत की ओर से जारी बयान में उन्होंने कहा कि चूंकि यह संघर्ष विराम एक नए अध्याय की शुरुआत है, हमारा मानना है कि स्थायी शांति केवल संवाद और कूटनीति को संस्थागत बनाया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा- जमात-ए-इस्लामी हिंद शांति, न्याय और सद्भाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।

अतिथि शिक्षकों को 58 की उम्र में सेवानिवृत्ति देने की तैयारी

सांसद चंदोलिया ने शिक्षा मंत्री के साथ की बैठक, वेतन में भी जल्द होगी वृद्धि

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 मई।

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में लंबे समय से कार्यरत अतिथि शिक्षकों और व्यवसायिक शिक्षकों की समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने शिक्षा मंत्री आशीष सूद के साथ एक अहम बैठक की और एक ज्ञापन भी सौंपा है। बैठक में शिक्षा निदेशक वेदिता रेड्डी और वित्त विभाग के आला अफसर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथि शिक्षकों से जुड़ी मांगों पर दिल्ली सरकार और विभाग ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और जल्द ही शिक्षकों के लिए सरकार राहत भरे निर्णय की घोषणा करेगी।

सांसद चांदोलिया ने बताया कि डीएसएसएसबी ने अभी शिक्षकों की कमी को पूरा करने को भर्ती नहीं की हैं। वहीं, समस्या यह है कि अगर डीएसएसएसबी नई भर्ती करता है तो अतिथि

> स्कूलों में करीब 16000 से ज्यादा अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं, यह सभी टीजीटी और पीजीटी शिक्षक पारंगत हैं लेकिन इनको 25 हजार वेतन मिलता है।

शिक्षकों को रिलीव होने डर है। ऐसे में इनकी समस्या के समाधान के लिए हरियाणा सरकार की तरह संविदा पर रखे शिक्षकों को भी निर्धारित वेतन पर 58 की उम्र में सेवानिवृत्ति किया जाएगा। सांसद ने बताया कि इस बाबत दिल्ली के उपराज्यपाल से भी पहले मुलाकात की जा चुकी है। इस मामले पर दिल्ली के शिक्षा विभाग और वित्तीय विभाग की तरफ से सैंद्धातिक स्वीकृति मिल गई है जिसका जल्द एलान किया जाना संभव है।

चंदोलिया ने बताया कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में करीब 16000 से ज्यादा अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं जो कि स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी के चलते बतौर अतिथि शिक्षक भर्ती किए गए थे। यह सभी टीजीटी और पीजीटी शिक्षक पारंगत और योग्य हैं लेकिन इनको केवल 25 हजार वेतन दिया जाता है। इतना ही नहीं इनकी यह बड़ी समस्या सालों से बनी है कि इनकी शनिवार और रविवार की छुट्टी के अलावा किसी त्यौहार और मई-जून की छुट्टियों में वेतन कटौती होती है। उन्होंने बताया कि भर्ती नियमों के तहत इन शिक्षकों को नियमित करना संभव नही है लेकिन इनकी मूल समस्याओं का समाधान दिल्ली सरकार की ओर से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में नियमित शिक्षकों का वेतन 75000 से लेकर एक लाख तक है जबकि टीजीटी-पीजीटी अतिथि शिक्षकों को मात्र 25 हजार रुपए ही मिलते हैं। उन्होंने आगे बताया कि करीब आठ साल पहले इनके वेतन में बढ़ोतरी की गई थी जिसके बाद से अब तक इसमें कोई वृद्धि नहीं की गई है।

एसजीटी नगर में दो ट्रकों के बीच फंसकर एक व्यक्ति की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 मई।

बाहरी उत्तरी क्षेत्र में 46 वर्षीय एक व्यक्ति की दो ट्रकों के बीच कथित तौर पर दबने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दीपक खलासी (हेल्पर) का काम करता था। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार अपराह्न संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में करीब 2:30 बजे हुई जब दीपक अपने मालिक फिरोज खान के ट्रक का दरवाजा खोल रहा था। तभी आरोपी कंटेनर ट्रक का चालक गाड़ी पीछे कर रहा था और दीपक चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक दीपक की गाड़ी का मालिक फिरोज खान मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के पुपरौआ गांव का निवासी है। फिरोज ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उन्होंने अपना ट्रक दो दिन पहले पार्किंग क्षेत्र में खड़ा किया था। शिकायत में उसने कहा कि शनिवार को फिरोज ने देखा कि हेल्पर दीपक ट्रक का दरवाजा खोल रहा था तभी एक अन्य कंटेनर ट्रक तेजी से पीछे की ओर आने (रिवर्स) लगा। दीपक दोनों वाहनों के बीच फंस गया। फिरोज ने कंटेनर ट्रक के चालक को आगाह किया और उसने अपना वाहन आगे बढ़ाया, लेकिन तब तक दीपक जमीन पर गिर चुका था और उसके मुंह से बहुत खून बह रहा था। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

आजादपुर मंडी के पास टेंपो की टक्कर से युवक की मौत

बाहरी उत्तरी दिल्ली के आजादपुर मंडी इलाके के पास एक टेंपो की टक्कर से साइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना शनिवार की है जब युवक अपने एक पड़ोसी के साथ काम पर जा रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान दिलीप शाह (36) के रूप में की गई है।

'हमारी बहनों के सिंदूर उजाड़ने वाले चारों आतंकवादियों का क्या हुआ'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 मई।

आम आदमी पार्टी ने भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा संघर्ष विराम की घोषणा करने पर कई सवाल उठाए हैं। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा करना भारत की संप्रभुता पर कड़ा प्रहार है। जबकि भारतीय सेना के पास पीओके को कब्जाने और बलूचिस्तान को अलग करने का बड़ा अवसर था। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री से पूछ रहा है कि पहलगाम में हमारी बहनों के सिंदूर उजाड़ने वाले पाकिस्तान से आए उन चार आतंकवादियों का क्या हुआ? इनके खिलाफ कब और कैसे कार्रवाई होगी?

> भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम की घोषणा पर आप ने सवाल उठाए।

संजय सिंह ने रविवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर कहा कि पिछले 78 साल से पाकिस्तान के मामले में भारत ने कभी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं स्वीकार की, तो फिर आज अमेरिका कहां से आ गया? भारत अपने फैसले लेने में सक्षम है। हमारी संप्रभुता, स्वाभिमान और सम्मान से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है। देश के लोगों के मन में बहुत गुस्सा और सवाल है। प्रधानमंत्री सर्वदलीय बैठक व संसद का विशेष सत्र बुलाएं और संघर्ष विराम की असली वजह बताएं।

कार्डधारकों को एक साथ मिलेगा तीन माह का राशन

अनामिका सिंह
नई दिल्ली, 11 मई।

राजधानी के राशन कार्ड धारकों के लिए राहत भरी खबर है। आने वाले मानसून को देखते हुए जून, जुलाई और अगस्त तक का मुफ्त राशन मई महीने में ही लाभार्थियों को वितरित कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के इस आदेश के बाद दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ ही राजधानी के कोटाधारकों के होश उड़े हुए हैं। मंत्रालय के सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक राहुल सिंह के आदेश में सभी राज्यों को खाद्यान्न उठान व वितरण के लिए 30 मई 2025 तक का समय दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग दिल्ली के अधिकारियों ने अग्रिम

> आने वाले मानसून को देखते हुए केंद्र सरकार का सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश।

उठान को लेकर ट्रांसपोटरों के साथ बैठक भी की थी। क्योंकि अभी तक मई का खाद्यान्न व 'एक राष्ट्र-एक राशनकार्ड'(ओएनओआरसी) के तहत आए खाद्यान्न को ही राशन दुकानों तक नहीं पहुंचाया जा सका है। ऐसे में जून, जुलाई व अगस्त का राशन 30 मई तक उठाना ट्रांसपोटरों के लिए टेढ़ी खीर बन गया है। मालूम हो कि पहले से ही दिल्ली के सभी 6 गोदामों में खाद्यान्न उठान के लिए मजदूरों की कमी है और ट्रांसपोर्ट के लिए गाड़ियों की संख्या भी पर्याप्त नहीं है। यही नहीं इसके साथ ही इस आदेश के बाद कोटाधारकों के भी पसीने छूट गए हैं क्योंकि राशन की दुकानें इतनी ही बड़ी होती हैं, जिनमें एक महीने का अतिरिक्त खाद्यान्न रखा जा सकता है। ऐसे में मई माह, ओएनओआरसी सहित उक्त तीन महीनों का राशन कैसे रखा जाए इसे लेकर कोटाधारक परेशान है।

वहीं सूत्रों के अनुसार विभाग ने कोटाधारकों से उक्त परेशानियों को देखते हुए आंकड़े उपलब्ध करवाने की लिए कहा है कि उनकी दुकानों में खाद्यान्न की कितनी बोरियां आ सकती हैं उसे बताएं। बता दें कि मंत्रालय मानसून के मौसम और बाढ़ जैसी प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण कुशल रसद व भंडारण के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सामने कोई बाधा ना आए इसके मद्देनजर तीन महीने का अग्रिम खाद्यान्न भेज रहा है। ताकि लाभार्थियों के बीच उसे समय पर वितरित किया जा सके।

प्रारूप ए
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2017 के विनियम 14 के अधीन)

कृष्णा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेडके हितधारकों के ध्यानार्थ

1.	कॉर्पोरेट व्यक्ति का नाम	कृष्णा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट व्यक्ति के निगमन की तिथि	22 फरवरी, 2000
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट व्यक्ति निगमित / पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित देयता पहचान कॉर्पोरेट लोगों की संख्या	U45201DL2000PTC103888
5.	कॉर्पोरेट व्यक्ति के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो तो) का पता	पंजीकृत कार्यालय : सी–55 / 2 वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र, उत्तरी दिल्ली, दिल्ली–110052
6.	कॉर्पोरेट व्यक्ति का परिसमापन प्रारंभ होने की तिथि	10 मई, 2025 (11 अप्रैल, 2025 को पारित पूर्व प्रस्ताव के स्थान पर)
7.	परिसमापक का नाम, पता, ई–मेल पता, दूरभाष संख्या तथा पंजीकरण संख्या	देवेश ए. पाठक पता: प्रथम तल, 51, उद्योगनगर सोसाइटी, आयुर्वेदिक कॉलेज के पास, पानीगेट के बाहर, बड़ोदरा–390019 ईमेल: maildeveshpathak@rediffmail.com टेलीफोन : 0265-2562175/58 पंजी. सं.:IBBI/IPA-002/IP-N00234/2017-2018/10685 एएफए वैध: 30.06.2026 तक
8.	दावे जमा करने की अन्तिम तिथि	09 जून, 2025

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कृष्णा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने 10 मई, 2025 को स्वैच्छिक परिसमापन आरम्भ किया है।
कृष्णा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों को एतद्वारा मद 7 के सम्मुख उल्लिखित पते पर परिसमापक के पास 9 जून, 2025 को या इससे पूर्व अपने दावों के प्रमाण जमा करने के लिए कहा जाता है।
वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से ही अपने दावों के प्रमाण जमा करेंगे। अन्य सभी पक्षकार अपने दावों के प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा जमा कर सकते हैं।
दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

हस्ता/–
देवेश ए. पाठक
(पंजीकृत दिवाला प्रोफेशनल)
तिथि : 10 मई 2025
स्थान : बड़ोदरा
पंजीकरण सं.:IBBI/IPA-002/IP-N00234/2017-2018/10685

फॉर्म जी
भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण प्रपत्र
विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में परिचालन कर रहा था
मुख्य रूप से भुवनेश्वर, ओडिशा में निर्माण सेवाओं में
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 36ए के उप–विनियमन (1) के अंतर्गत)

प्रासंगिक विवरणों

1	कॉर्पोरेट देनदार का नाम, पैन और सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित	भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड सीआईएन: U45200DL2010PTC205121
2	पंजीकृत कार्यालय का पता	पंजीकृत कार्यालय :डी–427, द्वितीय तल, रामफल चौक, पालम एक्सटेंशन, सेक्टर–7, द्वारका, नई दिल्ली – 110075 पूर्व पंजीकृत कार्यालयः दुकान संख्या–119, प्रथम तल, सेक्टर–7 एलएससी–।।।, वर्धमान स्टार सिटी मॉल, द्वारका, नई दिल्ली – 110077
3	यूआरएल का वेबसाइट	http:// www.bexp.in/
4	उस स्थान का विवरण जहाँ अधिकांश अचल संपत्तियाँ स्थित हैं	रायगढ़, महाराष्ट्र
5	मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	लागू नहीं
6	पिछले वित्त वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	लागू नहीं
7	कर्मचारियों/कर्मचारियों की संख्या	शून्य
8	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), ऋणदाताओं की सूची सहित अन्य विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं:	पिछले वर्षों के वित्तीय विवरणों के लिए –https://drive.google.com/drive/folders/ 1JwrIhXutnKGcRKoMaB80ZrbgUsl3eu5G ?usp=drive link प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों के लिए –https://www.bexo.in/
9	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है:	प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों के लिए –https://www.bexp.in/ (दस्तावेज का शीर्षकः रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण)
10	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	27/05/2025, मंगलवार
11	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	06/06/2025, शुक्रवार
12	अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने का अंतिम डेटा	11/06/2025, बुधवार
13	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	21/06/2025, शनिवार
14	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि	06/06/2025, शुक्रवार
15	समाधान योजनाओं को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	07/07/2025, सोमवार, संहिता की धारा 12(3) के अंतर्गत माननीय न्यायनिर्णयन प्राधिकरण द्वारा आवश्यक समय विस्तार दिए जाने के अधीन
16	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया ईमेल आईडी	bepl.cirp@gmail.com
17	कॉर्पोरेट देनदार की एमएसएमई के रूप में पंजीकरण स्थिति का विवरण	पंजीकृत नहीं

हस्ता/–
सीए मोनिका अग्रवाल
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी के तहत) के लिए
आईबीबीआई पंजीकरण संख्या: आईबीबीवीआईपीए–001/आईपी–पी01137/2018–19/11866
एएफए वैध: 31.12.2025 तक
आईबीबीआई पंजीकृत पता: 205, चोपड़ा कॉम्प्लेक्स, 8, प्रीत विहार, सामुदायिक केंद्र, नई दिल्ली bepl.cirp@gmail.com (प्रक्रिया विशिष्ट)
cacsmonika.agarwal@gmail.com (आईबीबीआई के साथ पंजीकृत)
दिनांक: 12.05..2025
स्थान: नई दिल्ली

BrahMos Aerospace Private Limited
TENDER NOTICE

BrahMos Aerospace, a Joint Venture (JV) of Ministry of Defence invites Expression of Interest from Reputed Integrated Facility Management Services Provider for its Head Quarters Complex located at New Delhi.

Interested Parties are requested to visit our website: **www.brahmos.com** for further details.

Or they can write to us at: **contracts@brahmos.com**

HoD Commercial
On Behalf of CEO & MD
BrahMos Aerospace

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (वेस्ट), मुंबई – 400 013
और इसका एक कार्यालय रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन के रूप में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, आई–थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (ईस्ट) मुंबई – 400042.में है।

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के बदले ऋण/ओवरड्राफ्ट की प्रकृति में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।
सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया स्थिति में हैं।बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई सूचना जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने आदेश लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर , बैंक इस संबंध में कोई और सूचना जारी किए बिना गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र है।उधारकर्ताओं द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है और उचित पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने एक गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं से बकाया राशि की वसूली के लिए बैंक ने 20 मई 2025 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने / निपटान करने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, इस संबंध में बिना किसी अतिरिक्त सूचना केबैंक अपने विवेक से गिरवी रखी गई सुरक्षा को (1) कैलेंडर दिवस, एक के भीतर बेच देगा ।गिरवी प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	उधारकर्ता का नाम	02 अप्रैल 2025 तक बकाया राशि	बिक्री सूचना की तिथि
1	XXXX0845	सिदार्थ आनंद	5,20,517.51	09–05–2025

दिनांक: 12.05.2025
स्थान: दिल्ली
हस्ता/–
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

समसामयिक अध्ययन केन्द्र
प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय
द्वारा आयोजित
वार्ता
कॉनटेक्सटूआलिसींग इंडिया'ज इंडो-पैसिफिक पुश: स्ट्रेटीजिक एन्गैजमेंट्स फ्रॉम ईस्ट एशिया टू द इंडियन ओश्यन
में
आप सादर आमंत्रित हैं।
वक्ता : डॉ. अम्लान दत्ता
जूनियर फेलो, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय
दिनांक: 13 मई 2025, समय : अपराह 3:00 बजे
स्थल: संगोष्ठी कक्ष, पुस्कालय भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली–110011
सभी का स्वागत है।
अपना नाम जोड़ने के लिए कृपया हमें ईमेल करें:
ccs2nmml@gmail.com
CBC 09142/12/0006/2526

smc
moneywise. be wise.

SMC GLOBAL SECURITIES LIMITED
(CIN : L74899DL1994PLC063609)
Regd. Office: 11/6-B, Shanti Chamber, Pusa Road, New Delhi-110005
Phone No : 011-30111000 | E-mail : smc@smcindiaonline.com | website : www.smcindiaonline.com

Extract of consolidated financial results for the quarter and year ended March 31, 2025
(₹ in Lakhs except otherwise stated)

SR. No.	Particulars	CONSOLIDATED				
		Quarter Ended			Year Ended	
		March 31, 2025 (Audited)#	December 31, 2024 (Unaudited)	March 31, 2024 (Audited)#	March 31, 2025 (Audited)	March 31, 2024 (Audited)
1	Total Revenue from operations	42,146.57	45,546.61	50,941.94	1,77,574.15	1,63,840.87
2	Net Profit for the period (before Tax and Exceptional Items)	613.73	5,580.30	8,534.58	19,203.33	24,449.38
3	Net Profit for the period before Tax (after Exceptional Items)	613.73	5,580.30	8,534.58	19,203.33	24,449.38
4	Net Profit for the period after Tax (after Exceptional Items)	408.77	4,386.96	6,623.79	14,681.16	18,827.65
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	293.34	4,566.87	6,591.18	14,768.30	18,909.73
6	Paid Up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 2 each)	2,094.00	2,094.00	2,094.00	2,094.00	2,094.00
7	Other equity				1,19,623.13	1,07,478.71
8	Earnings per share (EPS) (in ₹) (not annualised except for the year ended March 31) Basic & Diluted EPS	0.36	4.17	6.30	13.92	17.89

Refer Note no.5

Notes:

1. These consolidated financial results for the quarter and year ended March 31, 2025 of SMC Global Securities Limited ('Parent Company') and its subsidiaries (together referred as 'Group') and Joint Venture have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meeting held on Sunday, the 11th May, 2025. The results for the year ended March 31, 2025 have been audited by the Statutory Auditors, P.C. Bindal & Company, Chartered Accountants.
2. The above is the extract of the detailed format of quarterly and year ended financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarter ended financial results are available on the Investor Corner Section of our website www.smcindiaonline.com.
3. These consolidated financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ('Ind AS') prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015, as amended from time to time.
4. The Board has proposed and recommended final dividend for FY 2024-25 @60% i.e. ₹ 1.20 per equity shares of the face value of ₹2/- each amounting to ₹ 1,256.40 lakhs to its equity shareholders (subject to approval of the shareholders in the ensuing Annual General Meeting) in addition to interim dividend @60% paid during the FY 2024-25, this makes the total dividend @120% i.e. ₹ 2.40 per equity share.
5. The figures for the quarter ended March 31, 2025, and March 31, 2024 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures up to the end of third quarter of the respective financial year, which were subjected to limited review.
6. Additional information on standalone financial results is as follows

(₹ IN LAKHS)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended	
	March 31, 2025 (Audited)#	December 31, 2024 (Unaudited)	March 31, 2024 (Audited)#	March 31, 2025 (Audited)	March 31, 2024 (Audited)
Total revenue from operations	19,902.93	22,282.22	25,015.80	92,429.19	85,315.07
Profit before tax for the period	749.08	2,022.02	5,310.26	13,117.09	17,994.20
Profit after tax for the period	861.20	1,551.89	3,932.54	10,526.14	14,102.56

For and on behalf of the Board

Place : New Delhi
Date : May 11, 2025

sd/-
S. C. AGGARWAL
(Chairman & Managing Director)
(DIN : 00003267)

sd/-
MAHESH C. GUPTA
(Vice Chairman & Managing Director)
(DIN : 00003082)

sd/-
VINOD KUMAR JAMAR
(President & Group CFO)

बुद्ध पूर्णिमा: कोलकाता में रविवार को बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा की सफाई करते बौद्ध भिक्षु।

सचिवालय में हुई महत्त्वपूर्ण बैठक में सरकार ने दिया

राज्य के सभी जिलाधिकारियों-पुलिस अधीक्षकों को सतर्क रहने का निर्देश

कोलकाता, 11 मई (भाषा)।

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत ने रविवार को जिलाधिकारियों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया।

राज्य सचिवालय में हुई एक महत्त्वपूर्ण बैठक में पंत ने कहा कि जिलों में कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार के विघ्न या व्यवधान की कोशिश को समय रहते नियंत्रित किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने सभी जिलों को अगले तीन महीने यानी अगस्त तक के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री का भंडारण करने का आदेश दिया। मुख्य सचिव पंत ने विशेष रूप से उन जिलों में समन्वय बनाए रखने की बात की, जिनकी अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाएं हैं। उन्होंने डीएम और एसपी को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी विभागों के बीच सही तरीके से समन्वय हो, ताकि किसी भी आपात स्थिति का समाधान शीघ्रता से किया जा सके।

पंत ने कहा कि जिलों में कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार के विघ्न या व्यवधान की कोशिश को समय रहते नियंत्रित किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने सभी जिलों को अगले तीन महीने यानी अगस्त तक के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री का भंडारण करने का आदेश दिया।

मुख्य सचिव पंत ने विशेष रूप से उन जिलों में समन्वय बनाए रखने की बात की, जिनकी अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाएं हैं।

पंत ने इस दौरान कहा कि यह बैठक भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव की पृष्ठभूमि में आयोजित की गई थी ताकि जिलाधिकारियों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को सतर्क रहने और स्थिति का सही तरीके से प्रबंधन करने का निर्देश दिया जा सके।

भारत और पाकिस्तान ने शनिवार को भूमि, वायु और समुद्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोकने पर सहमति बनने की घोषणा की थी। हालांकि, कुछ ही घंटों बाद, नई दिल्ली ने इस्लामाबाद पर इस समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। पंत ने कहा कि डीएम, एसपी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कहा गया है कि वे सतर्क रहें ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटा जा सके।

उन्होंने कहा कि पुलिस थानों के प्रभारी निरीक्षकों, नागरिक सुरक्षा निकायों और अन्य अधिकारियों को इस समय उचित समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम ने आपातकालीन स्थिति के लिए राज्य की तैयारियों का आकलन करने के वास्ते जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ चर्चा की।

राज्य में नौ स्थानों पर सीबीआइ ने मारे छापे

कोलकाता, 11 मई (एजंसी)।

अंतरराष्ट्रीय साइबर क्राइम मामलों और डिजिटल गिरफ्तारी का भय दिखाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों पर शिकंजा कसने के लिए केंद्रीय जांच एजंसी (सीबीआइ) लगातार अभियान चला रही है। अभियान का नाम 'आपरेशन चक्र' दिया गया है।

सीबीआइ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल समेत आठ राज्यों असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु में करीब 42 जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। बंगाल में कोलकाता, उत्तर 24 परगना व नदिया में करीब नौ जगहों पर छापेमारी करने की सूचना है।

देशभर में चलाए गए अभियान के दौरान पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही महत्त्वपूर्ण दस्तावेज, हार्ड डिस्क, सिम कार्ड, मोबाइल फोन व डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इन छापों के दौरान, सीबीआइ ने मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण, केवाइसी दस्तावेजों की प्रतियां जैसे कई आपत्तिजनक दस्तावेज और लेख जब्त किए हैं। इसके अलावा, अनाधिकृत सिम कार्ड के वितरण में शामिल मध्यस्थों सहित अन्य कुछ व्यक्तियों की पहचान की गई है और अपराध की आय से अर्जित चल संपत्ति को भी जब्त किया गया है।

जिन पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनपर केवाइसी मानदंडों का उल्लंघन करते हुए साजिश के तहत अनाधिकृत रूप से सिम कार्ड बेचने में संलिप्त का आरोप है। फिलहाल, इस मामले में आगे की जांच जारी है और सीबीआइ इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए प्रयासरत है।

यह आपरेशन साइबर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने और डिजिटल धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सीबीआइ ने विभिन्न टेलीकाम आपरेटरों के पाइंट आफ सेल (पीओएस) एजंटों के परिसरों पर छापेमारी की। आरोप है कि ये एजंट साइबर अपराधियों को टेलीकाम सेवा प्रदाताओं के अज्ञात अधिकारियों के साथ मिलकर अवैध तरीके से सिम कार्ड मुहैया करने में शामिल थे।

ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता, 11 मई (एजंसी)।

विधाननगर के बागुइहाटी इलाके में डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर 1.96 करोड़ की धोखाधड़ी करने के मामले में राजस्थान के अलवर से एक जालसाज को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार जालसाज का नाम उमेश मीणा है। उसे गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया गया। बताया जाता है कि बागुइहाटी के कृष्णपुर की पौलोमी विश्वास ने साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। जालसाजों ने उन्हें अवैध पार्सल के आदान-प्रदान में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए उन्हें गिरफ्तार किए जाने की धमकी दी गई। डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर उन्हें इससे बचने के लिए जालसाजों ने उनसे कई किश्तों में करीब 1.96 करोड़ रुपए अपने विभिन्न अकाउंट में ट्रांसफर करवाए गए।

अंत में उन्हें ठगी का अहसास होने पर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने मामले की जांच कर एक जालसाज को राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार किया। उसे ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार जालसाज से पूछताछ कर पुलिस उससे जुड़े अन्य लोगों का पता लगा रही है।

मातृ दिवस: नदिया में रविवार को अपने बच्चों को साथ में लेकर ईंट के भट्ठे पर काम करतीं महिलाएं।

राहत: कोलकाता के एक इलाके में गन्ने का जूस पीने के लिए रेहड़ी पर जुटी लोगों की भीड़।

भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

कोलकाता, 11 मई (एजंसी)।

पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पिंगला थाना क्षेत्र के मुंडुमारी, हाजराबागान और टुंगुर इलाके में सबंग सर्कल के आबकारी विभाग ने एक अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध व कच्ची शराब को बरामद किया।

आबकारी विभाग को गुप्त जानकारी मिली थी कि इन इलाकों में भारी मात्रा में अवैध व कच्ची शराब को छिपाकर रखा गया है। जानकारी मिलने के बाद आबकारी विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया और इसके बाद इलाके में अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान आबकारी विभाग के कर्मियों ने भारी मात्रा में अवैध व कच्ची शराब को बरामद किया। हालांकि इस दौरान आबकारी विभाग किसी भी अवैध शराब कारोबारी को गिरफ्तार नहीं कर पाया।

ममता ने दी मातृ दिवस पर बधाई

कोलकाता, 11 मई (भाषा)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को सभी माताओं को मातृ दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मां प्रेरणा, प्यार की मूर्त रही है और वह हमारे अस्तित्व में मौजूद है। अपनी दिवंगत मां के बेहद करीब रहीं बनर्जी ने उन्हें याद किया श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मातृ दिवस पर मैं सभी माताओं को तहे दिल से सलाम करती हूं। उन्होंने कहा कि मां-दुनिया का सबसे प्यारा नाम। चाहे वह जन्म देने वाली मां हो या मातृभूमि- वह हमारी प्रेरणा, हमारा प्यार, हमारी अभिलाषा जुनून है। वह हमारे पूरे अस्तित्व में मौजूद है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने अपनी कई परियोजनाओं में अपनी मां को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। मां-धरती-मानुषह्ल की शुरुआत मेरी मां से हुई है। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने अपने लिखे कई गीतों और कविताओं में माताओं का सम्मान किया है।

हिरासत में लिए गए बीएसएफ जवान की पत्नी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग की

कोलकाता, 11 मई (भाषा)।

पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा पकड़े गए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सिपाही पूर्णम कुमार साहू की पत्नी रजनी साहू ने रविवार को कहा कि उन्होंने पति की रिहाई में हस्तक्षेप की अपील करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की मांग की है। रजनी ने उम्मीद जताई कि ममता के इसमें शामिल होने से प्रक्रिया में तेजी आ सकती है।

पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात साहू (40) 23 अप्रैल को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गए और बाद में उन्हें पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। रजनी ने एक स्थानीय समाचार चैनल से कहा कि मैंने ममता बनर्जी से एक संक्षिप्त मुलाकात की मांग की है। वह मुख्यमंत्री और एक प्रभावशाली नेता हैं, इसलिए उनके हस्तक्षेप से मामला तेजी से सुलझ सकता है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि मैंने कल शाम डीजी को फोन करके यह सुनिश्चित किया कि मामले को अब गंभीरता से लिया जाए। स्थिति सुधर रही है और उनकी रिहाई के लिए दबाव बनाने का यह सही समय है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र पर सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए बनी सहमति के बाद बीएसएफ अधिकारियों से बात की थी, लेकिन उन्हें कोई ठोस जानकारी नहीं मिली। रजनी ने कहा कि उन्होंने (बीएसएफ अधिकारियों ने) मुझे आश्वासन दिया, लेकिन उनके जवाब में कुछ भी नया नहीं है। बीएसएफ जवान की पत्नी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके पति को पाकिस्तानी रेंजर के साथ संभावित अदला-बदली के जरिए वापस लाया जा सकता है।

फॉर्म जी
भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण प्रपत्र
विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में परिचालन कर रहा था
मुख्य रूप से भुवनेश्वर, ओडिशा में निर्माण सेवाओं में
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 36ए के उप-विनियमन (1) के अंतर्गत)

प्रासंगिक विवरणों

1	कॉर्पोरेट देनदार का नाम, पैन और सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित	भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड सीआईएनः U45200DL2010PTC205121
2	पंजीकृत कार्यालय का पता	पंजीकृत कार्यालय :डी-427, द्वितीय तल, रामफल चौक, पालम एक्सटेंशन, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075 पूर्व पंजीकृत कार्यालयः दुकान संख्या-119, प्रथम तल, सेक्टर-7 एलएससी-।।।, वर्धमान स्टार सिटी मॉल, द्वारका, नई दिल्ली - 110077
3	यूआरएल का वेबसाइट	http:// www.bexp.in/
4	उस स्थान का विवरण जहाँ अधिकांश अचल संपत्तियाँ स्थित हैं	रायगढ़, महाराष्ट्र
5	मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	लागू नहीं
6	पिछले वित्त वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	लागू नहीं
7	कर्मचारियों/कर्मचारियों की संख्या	शून्य
8	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), ऋणदाताओं की सूची सहित अन्य विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं:	पिछले वर्षों के वित्तीय विवरणों के लिए -https://drive.google.com/drive/folders/1JwrIhXutnKGcRKoMaB80ZrbgUsl3eu5G ?usp=drive link प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों के लिए -https://www.bexo.in/
9	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है:	प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों के लिए -https://www.bexp.in/ (दस्तावेज का शीर्षकः रुचि की अभिव्यक्ति के लिए विस्तृत आमंत्रण)
10	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	27/05/2025, मंगलवार
11	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	06/06/2025, शुक्रवार
12	अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने का अंतिम डेटा	11/06/2025, बुधवार
13	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	21/06/2025, शनिवार
14	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि	06/06/2025, शुक्रवार
15	समाधान योजनाओं को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	07/07/2025, सोमवार, संहिता की धारा 12(3) के अंतर्गत माननीय न्यायनिर्णयन प्राधिकरण द्वारा आवश्यक समय विस्तार दिए जाने के अधीन
16	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया ईमेल आईडी	bepl.cirp@gmail.com
17	कॉर्पोरेट देनदार की एमएसएमई के रूप में पंजीकरण स्थिति का विवरण	पंजीकृत नहीं

हस्ता/-
सीए मोनिका अग्रवाल
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
भुवनेश्वर एक्सप्रेसवेज प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी के तहत) के लिए
आईबीबीआई पंजीकरण संख्याः आईबीबीवीआईपीए-001/आईपी-पी01137/2018-19/11866
एएफए वैधः 31.12.2025 तक
आईबीबीआई पंजीकृत पताः 205, चोपड़ा कॉम्प्लेक्स, 8, प्रीत विहार, सामुदायिक केंद्र, नई दिल्ली bepl.cirp@gmail.com (प्रक्रिया विशिष्ट)
cacsmonika.agarwal@gmail.com (आईबीबीआई के साथ पंजीकृत)
दिनांकः 12.05..2025
स्थानः नई दिल्ली

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
पंजीकृत कार्यालयः स्टेट बैंक भवन, कॉर्पोरेट सेंटर, मैडम कामा रोड, मुंबई, महाराष्ट्र, 400021
शाखा का पताः एसएएम शाखा ।। (हैदराबाद), डी नं 3-4, 1013/ए, पहली मंजिल, कंप्यूटर एमेनिटी सेंटर, टीएसआरटीसी बस स्टैंड, काचीगुडा, हैदराबाद - 500027

बिहार राज्य में डीबीएफओटी वार्षिकी आधारित सड़क परियोजना (निर्माण प्रगति पर) में डीलरशिप के प्रतिस्थापन के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

एक विशेष प्रयोजन वाहन ("डीलरशिप") को बिहार राज्य में एक सड़क परियोजना के चार लेनीकरण के लिए रियायत प्रदान की गई, जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ("प्राधिकरण") द्वारा वार्षिकी आधार ("परियोजना") पर डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण ("डीबीएफओटी") पर विकसित किया गया है।
रियायतग्राही में तनाव के समाधान के लिए, भारतीय स्टेट बैंक ("एसबीआई") ने ऋणदाताओं के संघ (सामूहिक रूप से, "ऋणदाता") की ओर से, अपेक्षित तकनीकी और वित्तीय क्षमता ("चयनित") वाले एक पात्र इकाई ("बोली प्रक्रिया") की पहचान के लिए एक पारदर्शी बोली प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है, जो मूल रियायत की शेष अवधि के लिए रियायतग्राही को प्रतिस्थापित करने, शेष कार्यों को करने/निष्पादित करने और ऋणदाताओं के बकाया देय राशि के निपटान के लिए बोलियां आमंत्रित करने वाले दस्तावेज ("बोली प्रक्रिया दस्तावेज") और रियायत समझौते में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अनुसार है।
इस संबंध में, बोली प्रक्रिया/आकस्मिक मामलों के संबंध में उधारदाताओं को सलाह देने और बोली प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ("BOBCAPS") को प्रक्रिया सलाहकार ("प्रक्रिया सलाहकार") नियुक्त किया गया है।
भारतीय स्टेट बैंक, ऋणदाताओं की ओर से, परियोजना में रियायतकर्ता को प्रतिस्थापित करने के लिए, ऋणदाताओं और प्राधिकरण को स्वीकार्य हो सकने वाले, SBI और BOBCAPS (प्रत्येक ऐसी इकाई एक "इच्छुक पक्ष" है) द्वारा जारी बोली प्रक्रिया दस्तावेज ("ईओआई दस्तावेज") में निर्धारित प्रारूप में, आवश्यक तकनीकी और वित्तीय क्षमता रखने वाले इच्छुक बोलीदाता/बोलीदाताओं के संघ से अभिरुचि की अभिव्यक्ति ("ईओआई") आमंत्रित करता है। रियायतग्राही का प्रतिस्थापन उधारदाताओं और/या BOBCAPS के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे" के आधार पर है।
परियोजना के संक्षिप्त विवरण, ईओआई और दस्तावेजों के प्रारूप और किसी भी अन्य जानकारी और अपडेट के लिए, इच्छुक पक्ष भारतीय स्टेट बैंक (https://bank.sbi/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others) और/या BOBCAPS (https://www.bobcaps.in/tenders/) की वेबसाइटों का संदर्भ ले सकते हैं। प्रस्तावित लेनदेन के संबंध में आगे के अपडेट सहित बोली प्रक्रिया दस्तावेज, ईओआई दस्तावेज और/या बोली प्रक्रिया में किसी भी संशोधन/परिवर्तन के लिए, कृपया नियमित आधार पर उपर्युक्त वेबसाइटों पर जाएं।
कोई भी इच्छुक पक्ष ई-मेल के माध्यम से projectroad@bobcaps.in और agm2others2.sarg@sbi.co.in पर हार्ड कॉपी के साथ ई-मेल के 2(दो) कार्य दिवसों के भीतर, हाथ से वितरण, डाक या कूरियर (इच्छुक पक्ष के जोखिम और लागत पर) द्वारा एक सीलबंद लिफाफे में ट्रांसक्रिप्ट के साथ - "बिहार में सड़क परियोजना के उपक्रम रियायतकर्ता के प्रतिस्थापन के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति" को "के/ए - सहायक महाप्रबंधक, एएमटी ।। जीएम ।।। (सेक्टर), तनावग्रस्त संपत्ति समाधान समूह (एसएआरजी) भारतीय स्टेट बैंक, कॉर्पोरेट सेंटर, 21वीं मंजिल, ई विंग, मेकर टॉवर, कफ परेड, मुंबई 400005" को प्रस्तुत कर सकता है।

BOBCAPS (Wholly owned subsidiary of Bank of Baroda)
बीओबी कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 1704, बी विंग, 17वीं मंजिल, पैरिनी क्रेसेन्जो, प्लॉट नं. सी-38/39, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400 051. सीआईएनः U65999MH1996GOI098009

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित से संपर्क करें:

संपर्क व्यक्ति	फोन नं.	ईमेल आईडी:
श्री विनय टिबरेवाल (BOBCAPS)	+91 9820146186	projectroad@bobcaps.in
सुश्री मैत्री शेठ (BOBCAPS)	+91 9867939303	

अस्वीकरणः यह विज्ञापन एसबीआई और/या ऋणदाताओं और/या BOBCAPS की ओर से बोली प्रक्रिया को पूरा करने और/या किसी चयनित व्यक्ति का चयन करने के लिए किसी प्रकार की प्रतिबद्धता का गठन नहीं करता है और ऐसा माना भी नहीं जाएगा। एसबीआई, ऋणदाता और BOBCAPS बोली प्रक्रिया या उसके किसी भाग को वापस लेने/ निलंबित करने/धार्मिक करने, बोली प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी/सभी ईओआई प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने और/या बोली प्रक्रिया या उसके किसी भाग को संशोधित करने या बिना कोई कारण बताए, बिना किसी उत्तरदायित्व के किसी भी शर्त को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यह कोई प्रस्ताव दस्तावेज नहीं है. बोली प्रक्रिया दस्तावेज जारी करने का तात्पर्य यह नहीं होगा कि एसबीआई और/या ऋणदाता और/या BOBCAPS चयनित व्यक्ति का चयन करने के लिए बाध्य हैं। एसबीआई और/या ऋणदाता और/या BOBCAPS किसी भी तरह से बोलीदाताओं/हित पक्ष(ओं) द्वारा यहां और/या बोली प्रक्रिया दस्तावेज में परिकल्पित लेनदेन के संबंध में किए गए किसी भी लागत और व्यय के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। यह विज्ञापन बोली प्रक्रिया दस्तावेज में निर्दिष्ट अस्वीकरण और सीमा के अधीन है।
हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते भारतीय स्टेट बैंक
दिनांकः मई 12, 2025
स्थानः मुम्बई